Tasmanian Electoral Commission

2026 स्थानीय सरकार डाक मतदान मार्गदर्शिका

अपने मतपत्र को कैसे भरें और वापस करें

tec.tas.gov.au



5 से 9 अक्टूबर 2026 के बीच, आप यह लिफ़ाफ़ा अपने लेटरबॉक्स में पाएँगे।

यह तस्मानिया के चुनाव आयोग की ओर से आपका डाक मतपत्र (बैलेट) पैक है।

आप अपने स्थानीय सरकार के चुनाव में वोट देने के लिए इसका इस्तेमाल करेंगे।



आपके डाक मतपत्र पैक में ये चीज़ें शामिल होती हैं:

1. मतपत्र
2. उम्मीदवारों के बयान और वोट डालने के निर्देशों वाली एक पुस्तिका
3. मतपत्र लिफ़ाफ़ा
4. रिप्लाई पेड लिफाफा



हर मतपत्र पर, अपनी प्राथमिकता के क्रम में 1 से शुरू करते हुए चौखाने में नंबर डालें।

हर मतपत्र पर दिए गए निर्देशों का पालन करें ताकि आप यह जान सकें कि अपना वोट मान्य बनाने के लिए आपको कितने चौखानों में नंबर डालने की ज़रूरत है।



अपने सभी मतपत्र भरने के बाद, उन्हें मतपत्र लिफ़ाफ़े में डालें और सील-बंद कर दें।



अपने मतपत्र लिफ़ाफ़े के पीछे बने हुए चौखाने में हस्ताक्षर करें। हस्ताक्षर वाला फ़्लैप साथ में ही लगा रहने दें।

यदि लिफ़ाफ़े पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं या फ़्लैप को हटा दिया गया है, तो आपका वोट मान्य नहीं होगा।



अपने मतपत्र लिफ़ाफ़े को रिप्लाई पेड लिफ़ाफ़े में डालें और सील-बंद कर दें।

जितनी जल्दी हो सके, अपने रिप्लाई पेड लिफ़ाफ़े को पोस्ट करें। आपको डाक-टिकट लगाने की ज़रूरत नहीं है।

आपका लिफ़ाफ़ा मंगलवार, 27 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे तक अवश्य मिल जाना चाहिए, इसलिए डाक-वितरण के लिए पर्याप्त समय दें।

यदि आपके पास अपना रिप्लाई पेड लिफ़ाफ़ा पोस्ट करने के लिए पर्याप्त समय नहीं है, तो आप इसे अपने स्थानीय परिषद कार्यालय में ले जा सकते हैं।

यह मंगलवार, 27 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे तक अवश्य मिल जाना चाहिए।